कॉपीराईट-मुक्त शोध-पुस्तिका

# डॉ. अम्बेडकर के नवयान बौध्द धम्म का ब्राह्मणवादी कल्टों में रुपांतरण रोकिये !

मुख्य लेखक / संपादक

**मान. शीतल मरकाम**

## 1) नवयान बौध्द धम्म का संक्षिप्त सार !

डॉ. अम्बेडकर ने अपनी किताब ''बुध्द तथा कार्ल मार्क्स'' में बौध्द धम्म का सार निचे दिये मुताबिक बताया है :- ⊙ स्वतंत्र समाज के लिये धर्म जरुरी है। ⊙ सभी धर्म अपनाने लायक नही होते। ⊙ धर्म का संबंध जीवन की वास्तविकताओं के साथ होना चाहिये न कि ईश्वर, आत्मा, स्वर्ग, नर्क इ. के बारे में सिधान्त पेश करना या कल्पनाएं करना। ⊙ ईश्वर को धर्म का केन्द्रबिंदू बनाना गलत है। ⊙ आत्मा की मुक्ति को धर्म का केन्द्रबिंदु बनाना गलत है। ⊙ प्राणियों की बली चढाने को धर्म का केन्द्रबिंन्दु बनाना गलत है। ⊙ सच्चा धर्म लोगों के दिलों में होता है न कि शास्त्रों में। ⊙ हर चिज का कोई न कोई कारण अवश्य होता है। ⊙ कोई भी चीज सनातन या हमेशा के लिये नही होती। हर चिज में बदलाव होता है। अस्तीत्व हमेशा बदलते रहता है। ⊙ कोई भी चीज हमेशा के लिये बंधनकारक नही है। हर चीज की समीक्षा और परीक्षा करनी चाहिये। ⊙ कोई भी बात अंतिम नही होती। ⊙ सभी मानव समान है। ⊙ जन्म नही बल्कि लोगों की उपयोगिता ही उनकी कसौटी होनी चाहिये। ⊙ उच्च आदर्श महत्वपूर्ण है न कि राजसी परिवार में जन्म लेना। ⊙ सभी के प्रति मैत्री की भावना को कभी त्यागना नही चाहिये। यहां तक कि हमें अपने दुश्मन के प्रति भी इस भावना को रखना चाहिये। ⊙ हर किसी को पढाई का हक है। अन्न की तरह ही शिक्षा सबके लिये जरुरी है। ⊙ अच्छे चरित्र के बिना पढाई खतरनाक होती है। ⊙ इन्सान और नैतिकता धर्म का केन्दबिन्दु होना चाहिये। अगर ऐसा नही है तो धर्म एक क्रूर अंधविश्वास होगा। ⊙ नैतिकता को जीवन का आदर्श बना देना ही काफी नही है। क्योंकि ईश्वर का अस्तित्व नही है इसलिये नैतिकता जीवन का अंग होना चाहिये है।

⊙ धर्म का मूल मकसद दुनियां की पूर्नरचना कर उसे सुखी बनाना है न कि दुनियां के आरंभ और अंत का पता लगाना है। ⊙ हितों के बीच होने वाले संघर्षो की वजह से दुनियां में दुख है। इन संघर्षो को हल करने का इकलौता तरिका अष्ठांग मार्ग पर चलना है। ⊙ निजी संपत्ति एक वर्ग को ताकतवर बनाती है जबकि दूसरे वर्ग के लिये दुखों का कारण बनती है। ⊙ इसलिये समाज की भलाई इसमें है कि वह इन दुखों को इनके कारणों को खत्म कर समाप्त करें। ⊙ अगर युध्द सच्चाई और न्याय के लिये नही है तो वह गलत है। ⊙ जीतने वाले के पराजित लोगों के प्रति कर्तव्य होते है।

डॉ. अम्बेडकर के मुताबिक बुध्द के धम्म का केन्द्र इन्सान है और इसी धरती

पर इन्सान के इन्सानों के बीच के संबंध है। उनकी दूसरी मान्यता यह थी कि लोग दुनिया में दुखों तकलीफों और गरीबी में रह रहे है। इन दुखों को कैसे दूर किया जाये यही बुध्द के धम्म का उद्देश्य है। इसके अलावा बुध्द का धम्म कुछ नही है। ***The centre of his Dhamma is man and the relation of man to man in his life on earth. His second postulate was that men are living in sorrow, in misery and poverty. The world is full of suffering and that how to remove this suffering from the world is the only purpose of Dhamma. Nothing else is Dhamma. (Vol 11, p. 121)***

## 2) नवयान बौध्द धम्म हिनयान, महायान इ. से भिन्न है।

1) विभिन्न देशों में प्रचलित बौध्द धम्म, मूल बौध्द धम्म से एकदम विपरित बन चुके है। मसलन, तिब्बती तंत्रयान में आत्मा तथा अदृष्य ताकतों को जगाना, दैत्यों, भूतों इ. की पूजा करना, इन्सानों की बली चढाना, तंत्रयान की संभोग साधना करना, तांत्रिक कर्मकांडों में इन्सानी हड्डियों के वाद्य, इन्सानी चमडी से बने ढोल तथा पात्र, इन्सानी खून, इन्सानी कटे लिंग, स्त्री की माहवारी का खून, इन्सानी चर्बी तथा शरीर के विभिन्न हिस्से इ. का उपयोग किया जाता रहा है। चीन, जापान, श्रीलंका, थायलंड इ. सभी देशों में मरने के बाद दूसरा जन्म लेने, भूत प्रेत स्वर्ग-नर्क इ. सभी बातों को मान्यता है। इन देशों में हिन्दू देवि-देवताओं को भी बौध्द धम्म में शामिल किया गया है। जापान इ. देशों में बौध्द धम्म की मान्यता के मुताबिक स्त्रियों को स्वर्ग नही मिलता इसलिये मरने के बाद स्त्रियों का नाम पुरुषों के नाम पर रखा जाता है। उनकी मान्यता है कि ऐसा करने से मृत महिला का जन्म पुरुष के रुप में होगा और उन्हे स्वर्ग मिलेगा।

2) दुनियां में दो तरह के धर्म है। पहले प्रकार के वे धर्म है जो शोषकों व्दारा जनता का दमन शोषण करने में सहायक मानसिकता, प्रथा, परंपराएं और विश्वास पैदा कर शोषण-व्यवस्थाओं की हिफाजत करने का काम करते है। इन धर्मो में ब्राह्मण धर्म, झाओनिस्ट यहुदी धर्म और पूजारियों का ईसाई धर्म शामिल है। दूसरे प्रकार के धर्मो में शोषण विरोधी धर्मो का समावेश होता है जो समानता, बंधुत्व और न्याय पर आधारित लोकतांत्रिक शोषण विहीन समाज कायम करना चाहते है। ऐसे धर्मो में बौध्द धम्म, इस्लाम तथा बहुजन संतों के धर्म-पंथों का समावेश होता है।

3) विभिन्न देशों के ब्राह्मणीकृत बौध्द पंथ तथा विदेशी कल्ट भारत भर में फैलकर बौध्द धम्म के नाम पर तंत्रयानी शक्तिवाद तथा ब्राह्मण-धर्म के अंधविश्वासों को बौध्द धर्म के नाम पर फैला रहे है। भिख्खुओं को सिर्फ जरुरी आठ वस्तुएं और पेट भरने के लिये सिर्फ एक वक्त के भोजन का नियम है। इस नियम को इन पंथों तथा कल्टो ने पूरी तरह से बदल दिया है और डॉ. अम्बेडकर की अनुयायी जनता से दान वसूलकर दलित समाज के बल पर फल-फुल रहे है। आर.एस.एस. की योजना के तहत सवर्ण बौध्द भिख्खुओं के माध्यम से न सिर्फ दलितों में ब्राह्मण धर्म की तमाम संकल्पनाओं को फैलाया जा रहा है बल्कि दलित समाज से बडे पैमाने पर दान वसूलकर आर.एस.एस. को मालामाल बनाया जा रहा है। इसे तभी रोका जा सकता है जब हम सिर्फ और सिर्फ डॉ. अम्बेडकर के नवयान बौध्द धम्म के भिख्खु को ही भोजन दान करे। रुपये पैसे इ.

का दान समाज की संबंधित कामों की कमिटीयों को ही करें। डॉ. अम्बेडकर के नवयान बौध्द भिख्खुओं की सही सही पहचान आगे के अध्यायों में बताई गई है।

**4**) भारत के दलितों में बौध्द धम्म को प्रचारित-प्रसारित करने का काम सिर्फ डॉ. अम्बेडकर ने किया है। श्रीलंका के अनागरिक धम्मपाल इ. सवर्णो का बौध्द धम्म चंद सवर्णो तक ही सीमित रहा है। बुध्द की दफनाई गई मूल शिक्षा को आधुनिक परिपेक्ष में सिर्फ डॉ. अम्बेडकर ने ही उजागर किया है। इसलिये वे आधुनिक युग के बौध्द धम्म के रचयिता है। डॉ. अम्बेडकर के अनुयायियों ने डॉ. अम्बेडकर ने बताये हुए बौध्द धम्म को अपनाया है। डॉ. अम्बेडकर के अनुयायियों का मूलभूत आदर्श डॉ. अम्बेडकर की शिक्षा तथा उनका दिया हुआ आधुनिक युग का वैज्ञानिक बौध्द धम्म है। इस विश्वास के कारण ब्राह्मणवादी हितशत्रुओं को घुसपैठ कर नवयान / भीमयान बौध्द धम्म को विकृत करने का कोई अवसर नही मिलता अगर वे डॉ. अम्बेडकर के नवयान बौध्द धम्म को पूरी प्रज्ञा, तर्क से जान समझ लें।

**5**) जो लोग इस बात से इन्कार करते है कि डॉ. अम्बेडकर आधुनिक युग के वैज्ञानिक बौध्द धम्म के रचयिता नही है वे या तो ब्राह्मणवादी है या फिर ब्राह्मणवादियों के एजन्ट है। ऐसे लोगों को डॉ. अम्बेडकर के बौध्द धम्म में घुसपैठिये मानकर उसी मुताबिक उनसे बर्ताव करना चाहिये।

**6**) डॉ. अम्बेडकर ने स्पष्ट कर दिया था कि उनका बौध्द धम्म हिनयान और महायान इ. पंथों से अलग है। उनके बौध्द धम्म को नवयान कहा जा सकता है। डॉ. अम्बेडकर को इस बात पर कोई ऐतराज नही था कि अगर उसे भीमयान कहा जाये। इसलिये डॉ. अम्बेडकर के अनुयायी उन तमाम बौध्द पंथों तथा उनके रुपों को पूरी तरह से नकारते है जो ब्राह्मणों तथा उनके एजन्टों व्दारा विकृत किये गए है। डॉ. अम्बेडकर के अनुयायी डॉ. अम्बेडकर ने लिखी हुई ''द बुध्दा एन्ड हिज धम्मा'' किताब को मूल बौध्द धम्म की सच्ची शिक्षा देने वाला मूलभुत ग्रंथ मानते है, जिसे सही रुप में समझने के लिये डॉ. अम्बेडकर के मुताबिक **1**) 'रिवोल्युशन एन्ड काउंटर रिवोल्युशन इन एनसिएंट इंडिया' तथा **2**) 'बुध्द और कार्ल मार्क्स' इन किताबों को पढना जरुरी है।

'द बुध्दा एन्ड हिज धम्मा' में डॉ. अम्बेडकर को कई बाते ब्राह्मणों व्दारा लिखे धम्म ग्रंथों से उदघृत करनी पडी जिनमें कई अंधविश्वास की बातें है। उदाहरण : - अ) गंधार नाम का एक देश था। वहां एक भीखारी रहता था जिसे घृणास्पद बीमारी थी जिससे उसके आस पास का माहौल बदबूदार हो जाता था। पानी तथा दिगर जरुरी वस्तुओं के साथ बुध्द अपने **500** शिष्यों के साथ वहां पहुंचे। उन्होने भीखारी के शरीर को अपने हाथों से अच्छी तरह से धोकर साफ किया तथा उसके जख्मों पर दवा लगाई। तभी धरती हिलने लगी और जगह अलौकिक प्रकाश से जगमगा उठा। स्वर्ग के देवताओं ने प्रकट होकर बुध्द के प्रति अपार आदर का भाव प्रकट किया। ***(Vol .11, p.296-297***) ब) बुध्द ने यह जानने के लिये कि उन्हे ज्ञान प्राप्त होगा या नही सुजाता की नौकरानी ने दिये बर्तन को नदी में फेंककर कहा कि अगर मुझे ज्ञान प्राप्त होना है तो यह बर्तन डुबेगा नही। तीन बार बर्तन डूबा नही बल्कि बहाव की

विपरित दीशा में बहने लगा। *(Vol .11, p.73)* क) बुध्द ने बाकी की तीन दिशाओं में साधना करने के बाद आखिर में पूर्व दीशा का चयन किया क्योंकि इस दीशा का चयन तमाम साधुओं ने अपनी दृष्ट भावनाओं को दूर करने हेतु किया था। *(Vol .11, p.73)* इसी तरह बुध्द के जन्म-पुर्नजन्म, बोधीसत्वों के पुर्नजन्म को लेकर भी कुछ अंधविश्वासपूर्ण बातें है।

हमें यह अच्छी तरह से जान-समझ लेना है कि वे मात्र उदघृत किये उदाहरण है न कि डॉ. अम्बेडकर के कथन। इसलिये ऐसे अंधविश्वास वाले उध्दहरणों को उन पाली इ. ग्रंथों में ब्राह्मणों व्दारा घुसाई हुई बातें मानकर तर्कपुर्वक नजरंदाज कर देना चाहिये। डॉ. अम्बेडकर के मुताबिक बुध्द के समय में लिखने की कला का विकास नही हुआ था। इसलिये भिख्खुओं को बुध्द की बातें याद करनी होती थी जो सभी भिख्खुओं के लिये मुमकिन नही था। सभी भिख्खु बुध्द की कही हर बात को याद नही रखते थे। ऐसे में धार्मिक बातों को सुनकर याद रखने का व्यवसाय करने वाले लोग निर्माण हुए थे जिन्हे ''भानक'' कहा जाता था। अक्सर यह देखा गया कि बुध्द की बातों को गलत ढंग से प्रस्तुत किया जाता था। ऐसी बातें खुद बुध्द के सामने भी लाई गई। इसके कुछ उदाहरण अलगड्डूपमा सुत्ता, महा-कम्मा-विभंगा सुत्ता, कन्नकथ्थाला सुत्ता, तथा जीवका सुत्ता में है। इसके अलावा भी ऐसे प्रचुर उदाहरण है। कर्म तथा पुर्नजन्म को लेकर गलत बयानी किया जाना आम बात थी क्योंकि यह संकल्पनाएं ब्राह्मण धर्म में भी थी। इसलिये भानकों ने ब्राह्मण धर्म की मान्यताएं बौध्द धम्म में शामिल कर दी। इसलिये बौध्द धम्म ग्रंथों में लिखी बातें बुध्द का कथन है या नही इसके प्रति हमने बहुत ज्यादा सतर्क रहना चाहिये। इसे जानने समझने के लिये कई कसौटियां है। अन्य बातों को ध्यान में रखते हुए जो भी बात तर्कसंगत है वह बात बुध्द का कथन हो सकती है। उसी तरह बुध्द को ऐसी किसी भी बहस में शामिल होने से ऐतराज था जो लोगों के हितों से संबंधित नही होती थी। इसलिये ऐसी कोई भी बात बुध्द का कथन नही हो सकती जिसका संबंध लोगों के हितों से नही है। बुध्द जिन बातों को लेकर पूरी तरह से निश्चित थे उनके बारे में उन्होने अपने मत स्पष्ट रुप से व्यक्त किये है। जिन बातों के बारे में निश्चित नही थे उन बातों के बारे में उन्होने सिर्फ अपना संभावित मत व्यक्त किया है। **(Vol. 11, p. 350-351)** इसलिये ऐसी संकल्पनाएं जो हमारे बीच ब्राह्मणवादी भ्रमों को फैलाती है तथा जिनकी कोई सामाजिक उपयोगिता नही है उन संकल्पनाओं को डॉ. अम्बेडकर की मूलभुत शिक्षा की रोशनी में नकार देना चाहिये।

डॉ. अम्बेडकर ने **15** अक्तुबर **1956** को अपने भाषण में कहा कि मै किताबें लिखकर आपके मन की सारी शंकाओं को दूर कर दूंगा और आपको पूरा ज्ञान देने की कोशिश करुंगा। फिलहाल आप मुझ पर भरोसा रखे। (*Vol. 17 Part III P. 544*) लेकिन कुछ ही समय में उनकी मौत हो जाने की वजह से ऐसा न हो सका।

## 3) नवयान बौध्द धम्म समझने के लिये क्या पढे ?

**1**) डॉ. अम्बेडकर के मुताबिक उनकी किताब '' द बुध्दा एन्ड हीज धम्मा'' में बताये हुए बौध्द धम्म को सही रुप में समझने के लिये उन्ही की लिखी हुई किताबें

**1**) रिवोल्युशन एन्ड काउंटररिवोल्युशन इन एनसिएंट इंडिया (**Revolution and Counter revolution in ancient India**) तथा **2**) बुध्द और कार्ल मार्क्स (**Buddha and Karl Marx**) को जानना समझना जरुरी है। (***I may mention that this is one of the three books which will form a group for the proper understanding of Buddhism. The other two books are 1) Buddha and Karl Marx and 2) Revolution and Counter Revolution in ancient India. (Vol. 17 Part Two p. 158)***) ध्यान रहे कि उपरोक्त उध्दहरण में डॉ. अम्बेडकर ने दि. **15** मार्च **1956** को अपने हस्ताक्षर सहीत पॅरॅग्राफ में स्पष्ट रुप से अपनी किताब का शीर्षक 'बुध्दा एन्ड कार्ल मार्क्स' कहा है न कि 'बुध्द या कार्ल मार्क्स'।

**2**) रिवोल्युशन एन्ड काउंटर रिवोल्युशन इन एनसिएन्ट इंडिया नामक किताब में यह उजागर किया गया है कि ब्राह्मण धर्म-संस्कृति मुक्त यौनाचार में, खुले में सबके सामने यौनाचार करने में, मां, बहन, बहु, बेटी, चाची इ. निकट संबंधों में यौनाचार करने, जानवरों के साथ यौनाचार करने, अपनी बहु, बेटी, बिवी इ. को पैसे की एवज में बेचने या उन्हे लैंगिक उपभोग के लिये किराये से देने में, जुँआ खेलने में, शराब पीने में, जादुई तांत्रिक क्रियाओं तथा कर्मकांडों में, पाप-पुण्य, आत्मा, मौत के बाद दोबारा जन्म लेने में तथा हैवानियत शैतानियत भरी चातुवर्ण्य की व्यवस्था में विश्वास करते थे। बुध्द ने अनैतिक ब्राह्मणवादी धर्म संकृति के खिलाफ इन्केलाब किया और लोगों को ब्राह्मणवादी अंधविश्वासों से, ब्राह्मणवादी अनैतिकता से मुक्त किया। इस तरह बुध्द का इन्केलाब सामाजिक-सांस्कृतिक इन्केलाब था। भीमयान बौध्द धम्म हमें इस बात की शिक्षा देता है कि हम ऐसी तमाम धर्म संस्कृतियों के खिलाफ सांस्कृतिक सामाजिक इन्केलाब छेड दे जो धर्म संस्कृति अज्ञान, अंधविश्वास, इ. फैलाकर तार्किक सोच की हत्या कर लोगों पर दिमागी गुलामी लाद देती है।

**3**) प्राचीन भारत में क्रांति और प्रतिक्रांति किताब से हमें यह भी पता चलता है कि बुध्द ने ब्राह्मणवादी सामाजिक बर्बरता और दमन शोषण से बौध्द धम्म ने विषमता पर आधारित ब्राह्मण-धर्म की चातुवर्ण्य की सामाजिक व्यवस्था के खिलाफ एक इंकेलाब छेडा था। इस इंकेलाब का मकसद समानता, न्याय और बंधुत्व पर आधारित लोकतांत्रिक शोषण विहीन समाज व्यवस्था को कायम करना था। इसतरह बौध्द धम्म एक राजनीतिक इन्केलाब भी था। यही वजह है कि बुध्द ने ''बहुजन हिताय बहुजन सुखाय'' का नारा दिया। बुध्द ने 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' कभी नही कहा क्योंकि वे अच्छी तरह से जानते समझते थे कि ब्राह्मण बदतर शोषक और दमनकर्ता वर्ग है।

**4**) अपनी किताब प्राचीन भारत में क्रांति और प्रतिक्रांति में डॉ. अम्बेडकर ने स्पष्ट किया है कि **1**) राज्य के समर्थन के बिना तथा सामाजिक सुरक्षा यंत्रणा के अभाव में बाह्य तथा आंतरिक दुश्मनों व्दारा बौध्द भिख्खुओं का कत्लेआम किया गया, **2**) क्योंकि सामान्य बौध्द जनता बौध्द दर्शन में प्रशिक्षित नही थी इसलिये वह बौध्द भिख्खुओं की कमी को पूरा नही कर सकी। **3**) बौध्द जनता ब्राह्मणों के जुल्मों से बचने के लिये इस्लाम, इसाई धर्म, सिख धर्म इ. में धर्मांतर करने पर मजबुर हुई और इस तरह भारत से बौध्द धम्म का विनाश हो गया।

**5**) इससे हमें यह सबक मिलता है कि अ) या तो बौध्दों को अपनी रक्षा करने

के लिये राज्य की पूरी विश्वसनीय मदद चाहिये या फिर उनकी खुद की सामाजिक संरक्षण यंत्रणा होनी चाहिये। ब) धम्म को सही अर्थो में कायम रखने के लिये जरुरी तादाद में बौध्द धम्म में दक्ष भिख्खुओं तथा आम लोगों की फौज होनी चाहिये जो बुध्द की सामाजिक-सांस्कृतिक तथा राजनीतिक क्रांति के लिये पूरी तरह से समर्पित है।

**6**) इसी कमी को पूरा करने के लिये डॉ. अम्बेडकर ने बौध्द धम्म की दीक्षा लेने के फौरन बाद घोषित कर दिया कि हर दीक्षित बौध्द को दूसरे लोगों को दीक्षा देने का अधिकार है। ऐसा इतिहास में पहली बार हुआ था। डॉ. अम्बेडकर आम बौध्दों और भिख्खुओं को समान स्तर पर अंशकालीन तथा पूर्णकालीन धम्म प्रचारकों के रुप में मानते थे। वे उन्हे समान स्तर पर इसलिये मानते थे क्योंकि दोनों की अपनी अपनी खुबियां और कमजोरियां है। भिख्खुओं की खासियत यह है कि वे परिवार की जिम्मेदारियों से मुक्त होते है इसलिये बुध्द की सामाजिक-सांस्कृतिक और राजनीतिक क्रांति के लिये निस्वार्थ सैनिक हो सकते है। उनकी कमजोरी यह है कि बिना जरुरी सामाजिक नियंत्रण के वे समाज पर पूजारीतंत्र को लाद सकते है और बुध्द के तर्क पर आधारित धम्म को कर्मकांडों वाले ब्राह्मण धर्म में तब्दिल कर सकते है। इसलिये डॉ. अम्बेडकर ने अपने अनुयायियों को पूजारियों के परजीवी वर्ग के खतरे के प्रति सतत रुप से आगाह किया है। पूजारी वर्ग के बारे में डॉ. अम्बेडकर कहते है - कि यह परजीवी जमात लोगों के खून-पसीने की कमाई पर जीवित रहती है और समाज के आधार को ही खोखला बनाती है उसे किसी भी सुरत में बिना जरुरी नियंत्रण के काम करने की इजाजत नही देनी चाहिये। हम भारतीयों ने इंग्लिश सुधार आन्दोलन से सबक लेते हुए धर्म और पूजारी दोनों पर ही उचित नियंत्रण कायम करना चाहिये और उन्हे मनमर्जी से बढने की इजाजत नही देनी चाहिये। ***.... this parasite living upon and eating into the vitals of Society can no longer be permitted to function without check or control. We in India might take a leaf out of the English reformation and bring both the religion and the priest under proper control and prevent its rank and wild growth.*** (***Vol. 17 Part Two p. 3***) डॉ. अम्बेडकर के मुताबिक पूजा और प्रार्थना से पूजारी वर्ग का निर्माण होता है और पूजारी वर्ग एक ऐसा शैतानी दिमाग है जिसने हर तरह के अंधविश्वासों को जन्म देकर सम्मा दीत्ती यानी व्यक्ति की तार्किक सोच को ध्वस्त कर दिया है। **".... the efficacy of worship and prayer gave rise to the office of the priest and the priest was the evil genius who created all superstition and thereby destroyed the growth of Samma Ditthi. (Vol. 11, p. 254-255)** यही वजह है कि डॉ. अम्बेडकर भिख्खुओं पर सामाजिक नियंत्रण चाहते थे। इसलिये वे भिख्खु संघ के उद्देश्यों में तथा स्वरुप में आधुनिक जरुरतों के मुताबिक जरुरी बदलाव करना चाहते थे।

डॉ. अम्बेडकर ने 'द बुध्दिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया' नामक संस्था को **4** मई **1955** को पंजीकृत किया। सोसायटी के उद्देयों में **6** वे उद्देश्य में कहा गया है कि तमाम धर्मो के तुलनात्मक अध्ययन को बढावा दिया जाएगा। **To promote comparative study of all religions** तथा **8** वा उद्देश्य यह है कि जरुरी हुआ तो बौध्द भिख्खुओं की नई जमात तैयार की जाएगी। **To create a new order of priests, if it**

**becomes necessary to do so. (Vol 17-II, p. 479)** इसका मतलब यह है कि डॉ. अम्बेडकर को भिख्खुओं के चरीत्र के प्रति शंका थी इसलिये उन्होने उन्हे 'पूजारी' यानी **priest** इस तरह से संबोधित किया है। डॉ. अम्बेडकर अपने अनुयायियों को सभी धर्मो का तुलनात्मक अध्ययन कराना चाहते थे ताकि बौध्द धम्म को दर्शन, व्यवहार और आचरण में इस्लाम जैसे मानवतावादी धर्म से भी बेहतर साबित किया जा सके।

आज के युग में धम्मप्रचार का ऐसा कोई काम नही है जो सिर्फ अविवाहित भिख्खु ही कर सकते है आम गृहस्थ नही। आज धम्म की बातों की किताबें तथा वीडिओ उपलब्ध है जो बुध्द के समय नही थी। तेज संचार माध्यमों की उपलब्धता की वजह से आज धम्मप्रचार भिख्खुओं का मोहताज नही है। यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि भारत में बौध्द धम्म के प्रचार प्रसार का काम भिख्खुओं ने नही बल्कि जागरुक गृहस्थ लोगों ने किया है। यही वजह है कि डॉ. अम्बेडकर ने आम लोगों को भिख्खुओं इतना ही महत्व देते हुए धम्म दीक्षा के बाद घोषित किया था कि हर दीक्षित बौध्द को दूसरों को दीक्षा देने का हक है। इसके बावजूद ब्राह्मणवादियों के दलाल बुध्दिजीवी तथा दलाल बौध्द भिख्खु यह झूठा प्रचार कर रहे है कि गृहस्थ चाहे जितना जागरुक और धम्म का जानकार क्यों ना हो वह भिख्खुओं से कमतर है क्योंकि भिख्खुओं ने घर बार छोड दिया है। इस थोथी दलील से लोगों पर वे पूजारियों की सत्ता को लादना चाहते है। आज भिख्खु पक्के बने विहारों में रहते है। वे तमाम सुखसुविधाओं का उपभोग कर रहे है जो बहुतांश अवाम को उपलब्ध ही नही है। वे धन भी संग्रहित कर रहे है जो नियमों का सरासर उल्लंघन है। ज्यादातर भिख्खु पंडों की प्रतिकृति बन कर समाज को नियंत्रित करना चाहते है। इसे रोका जाना चाहिये तभी डॉ. अम्बेडकर के नवयान बौध्द धम्म का ब्राह्मणवादी कल्टों में रुपांतरण होने से रोका जा सकेगा।

7) नवयान बौध्द धम्म के भिख्खुओं तथा अनुयायियों के काम :-

**a**) नवयान बौध्द धम्म के हर भिख्खु के लिये यह अनिवार्य है कि वह डॉ. अम्बेडकर ने दी हुई **22** प्रतिज्ञाओं पर अमल करने के लिये लोगों के बीच जागरुकता का कार्य करें।

**b**) नवयान बौध्द धम्म के सभी भिख्खुओं के लिये तथा अनुयायियों के लिये यह अनिवार्य है कि वे एक-दूसरे का ''जय-भीम'' घोष वाक्य से अभिवादन करें। जो भिख्खु ऐसा नही करता उसे ब्राह्मणवादी बौध्द पंथों का भिख्खु करार देकर उसी के मुताबिक उससे बर्ताव किया जाना चाहिये।

**c**) बौध्द संघ में भिख्खुओं तथा डॉ. अम्बेडकर के नवयान बौध्द धम्म के अनुयायियों को समावेश होता है। भिख्खु संघ की बौध्द अनुयायियों पर धम्म के मामले में कोई सत्ता नही होगी बल्कि धम्म के सभी मामलों का निर्धारण स्थानीय बौध्द संघ करेगा न कि अकेला भिख्खु संघ।

**d**) धम्म लोगों व्दारा, लोगों के लिये लोगों का धम्म है जिसे उन्हे जान-समझकर अमल में लाना है। बुध्द ने किसी पर भी कोई बात थोंपी नही फिर चाहे वह लोगों के लिये कितनी भी अच्छी क्यों ना हो। **The Buddhas way was not to force people to**

**do what they did not like to do although it was good for them. (Buddha and Karl Marx)**

**e**) नवयान बौध्द अनुयायियों को यह अधिकार है कि वे नवयान बौध्द धम्म के भिख्खुओं को सामाजिक-सांस्कृतिक तथा राजनीतिक इन्केलाब की बुध्द और अम्बेडकर की शिक्षा पर अमल करने के लिये दबाव डाले क्योंकि भिख्खु अनुयायियों की खून-पसीने की कमाई पर ही जीवनयापन करते है। जो भिख्खु ऐसा करने से इन्कार करते है उन्हे भोजन दान नही दिया जाना चाहिये।

**f**) भिख्खु धन अर्जित नही कर सकता। उसे सिर्फ भोजन की तथा आठ चिजों को रखने की अनुमति है इसलिये भिख्खु को इन चिजों के अलावा अन्य किसी चिज का जैसे कि रुपये पैसे या अन्य वस्तु का दान कतई न करें। ऐसा करने से पूजारी वर्ग का निर्माण होता है। इसके अलावा धम्म प्रचार के कामों में जो भी खर्चा करने की जरुरत है जैसे कि प्रवास का खर्चा इ. को संबंधित कमिटी के सदस्य या संबंधित बौध्द अनुयायी उस काम का खर्चा खुद करेंगे, भिख्खु को पैसे इ. नही दिये जाएंगे। किसी कारणवश पैसे दिये जाते है तो भिख्खु के लिये यह अनिवार्य होगा कि वह उसका हिसाब संबंधित कमिटी को या संबंधित लोगों को दें।

**g**) सिर्फ उसी भिख्खु को भोजनदान देना चाहिये जिसे आप निजी तौर से जानते है कि वह भिख्खु भीमयान बौध्द धम्म के कामों को पूरी इमानदारी से कर रहा है। जिस भिख्खु को आप नही जानते उसे कतई भोजन दान न दें।

**h**) धम्म के दिगर कामों के लिये डॉ. अम्बेडकर के अनुयायियों ने अपना दान प्रत्यक्ष रुप से उस काम के लिये बनी लोगों की कमिटियों को ही देना चाहिये न कि भिख्खुओं को वर्ना उनका रुपांतरण पूजारियों में होते देर नही लगेगी। कमिटी होने से प्राप्त दान का हिसाब किताब सुनिश्चित होता है। जबकि ब्राह्मणीकृत बौध्द पंथों के भिख्खुओं को दिये दान का भिख्खुओं व्दारा कोई हिसाब नही दिया जाता।

**i**) लोगों को अपने क्षेत्र के भिख्खु के पूर्व इतिहास की संपूर्ण जानकारी होनी चाहिये ताकि इसे सुनिश्चित किया जा सके कि वह घुसपैठिया ब्राह्मणवादी नही है।

**j**) डॉ. अम्बेडकर के अनुयायियों को गलती करने वाले भिख्खु को सजा देने का अधिकार है क्योंकि भिख्खु प्रत्यक्ष रुप से समाज के लिये जिम्मेदार है। लोग ही भिख्खु के अभिभावक है।

**k**) भिख्खु पर भिख्खुओं से संबंधित मामलों में ही भिख्खु संघ का अधिकार होगा।

**l**) नवयान बौध्द धम्म के भिख्खु से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सामान्य लोगों की तरह के वस्त्र पहने। उसके ऐसा करने से उसके लिबास की वजह से नही बल्कि उसके काम और ज्ञान की वजह से उसे योग्य सम्मान हासिल होगा और उसके प्रति किसी भी प्रकार का जैसे कि वह ज्ञानी है, पूज्यनीय है इ. अंधविश्वास पैदा नही होगा। लोग उसके साथ समान स्तर पर बर्ताव कर सकेंगे। इससे लोगों के बीच समानता, बंधुत्व और न्याय की भावना विकसित होगी। इसलिये चीवरधारी भिख्खु की अपेक्षा आम वस्त्र धारण करने वाले भिख्खु को अधिक महत्व दिया जाना चाहिये। हमें

इस बात को कतई नही भूलना चाहिये कि चीवर सिर्फ एक 'युनिफार्म; यानि गणवेश मात्र है। इससे ज्यादा उसका महत्व नही है।

**m**) श्रम से अपनी रोटी नही कमाने की वजह से भिख्खु को श्रम के महत्व का अहसास होता भी है या नही यह एक मुख्य सवाल है। उसके भिख्खुपन को पवित्रता इ. से जब जोड दिया जाता है तो न सिर्फ लोगों की खून-पसीने की कमाई पर जीने की मानसिकता का उसमें विकास होता है बल्कि वह यह समझता है कि ऐसा कर के वह उनपर अहसान कर रहा है।

**n**) भिख्खु के चरणों के आगे हमने अपने माथे को कदापि नही झुकाना चाहिये। भिख्खु के आगे सिर झुकाना माँ-बाप के आगे सीर झुकाने जैसा नही है। इसका मतलब सिर्फ एक चीवरधारी पंडे के आगे सिर झुकाना है। ऐसा करना समानता की भावना के बिल्कुल खिलाफ है तथा अंधविश्वासों को बढाना है। जो भी भिख्खु लोगों को अपने आगे सिर झुकाने को कहता है वह भिख्खु नही बल्कि ब्राह्मणवादी पंडा है।

**o**) किसी भी भिख्खु को ''वंदामी भंते'' इ. तरह से जिसका मतलब समर्पण है संबोधित नही किया जाना चाहिये। ऐसे संबोधन की अपेक्षा करने वाला व्यक्ति नवयान बौध्द धम्म का भिख्खु नही बल्कि ब्राह्मणवादी पंडा है। ''वंदामी भंते'' इ. संबोधन करने वाला व्यक्ति पूजारीवाद को बढावा देता है।

**p**) भिख्खुओं से समान स्तर पर आदरसहित बातचित करनी चाहिये। उनपर श्रध्दा नही रखनी चाहिये। उनका सम्मान उनके कामों की वजह से किया जाना चाहिये न कि उनके चीवर की वजह से।

**8**) खुद में प्रज्ञा, शील करुणा का विकास करने और अष्ठांग मार्ग पर चलने के लिये खुद को खुद ही प्रशिक्षित करना होता है। इसमें किसी गुरु या भिख्खु की कोई भुमिका नही है। आसक्ति और अज्ञान के संबंध में तमाम जानकारी किताबों, संवाद गोष्ठीयों इ. के जरिये उपलब्ध होती रहती है। इन्हे जान समझ कर खुद की भावनाओं पर जरुरी नियंत्रण कायम करने के लिये व्यक्ति को खुद ही कोशिश करनी होती है। यही वजह है कि डॉ. अम्बेडकर ने कहा कि मुझे यह कल्पना पसंद है कि भिख्खुओं तथा गैरभिख्खुओं के संयुक्त तर्कपूर्ण चर्चासत्र आयोजित किये जाये जहां उन्हे बौध्द धम्म की मूलभूत शिक्षाओं से अवगत कराया जाये और उन्हे अलग अलग भाषाएं सीखाकर जगह जगह भेजा जाये। ***I like the idea of opening a sort of the logical seminar where Bhikkus and non-Bhikkhus could be tought the fundamentals of Buddhism and make to learn the different languages of India so that they could be sent to different parts. (Vol. 17 Part One P. 446)***

डॉ. अम्बेडकर के अनुयायी अपने मश्तिष्क को भिख्खुओं के नियंत्रण से बाहर रखकर ही वे भिख्खुओं को पूजारियों की परजीवी जमात बनने से रोक सकते है। नवयान बौध्द धम्म में गुरु-शिष्य परंपरा या भिख्खुओं पर निर्भरता लादने की कोशिशें प्रतिक्रांतिकारी है क्योंकि वह व्यक्ति के तार्किक सोच के विकास को अवरुध्द करती है। ऐसी कोशिशें ब्राह्मणवादियों के एजन्ट ही कर सकते है।

**9**) बच्चों को उनके भविष्य के व्यवसायिक जीवन के लिये जरुरी ज्ञान हासिल

कराना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिये। धम्म शिक्षा के नाम पर बच्चों को कभी भी भिख्खुओं या अन्य व्यक्तियों के हवाले नही करना चाहिये। इतनी कम आयु में वे यह तय नही कर सकते कि उनके लिये क्या अच्छा और क्या बुरा है। उनका इस्तेमाल यौन - शोषण तथा मश्तिष्क नियंत्रण इ. में होने की संभावना होती है। ऐसे मामले बहुतायत में उपलब्ध है जहां बच्चों को पूजारियों के हवाले किया गया है। अवयस्क श्रामणेरों के यौन शोषण के प्रचुर मामलें है। बच्चों को श्रामणेर बनाना उनके मानवाधिकारों का हनन है। हमें ब्राह्मणवादियों के दलाल भिख्खुओं से सावधान रहना चाहिये जो धम्म संस्कार डालने के नामपर छोटे बच्चों को श्रामणेर बनाने को कहते है।

डॉ. अम्बेडकर को विवाहित युवा भिख्खुओं की कल्पना पसंद थी जो भिख्खु पति-पत्नि पूरी तरह से धम्म के लिये समर्पित हो और अन्य तमाम भिख्खुओं संबंधी नियमों का पालन करते हो। *(*Vol. 17 Part One P. 447*)*

## 4) समाज सेवा संबंधी बौध्द धम्म की शिक्षा !

**1**) ब्राह्मण भिख्खुओं व्दारा बौध्द धम्म में घुसाए गए कथित आर्य सत्य समाज सेवा के प्रबल विरोधी है क्योंकि उनके अनुसार व्यक्ति के दुखों का कारण उन्होने किये हुए पूर्वजन्म के पाप है। एक विदेशी सैलानी ने जब कुछ लोगों को बहुत बूरी अवस्था में देखा और लोगों से पूछा कि वे उनकी मदद क्यों नही करते तो हिन्दूओं ने जवाब दिया कि उनकी हालत उनके पूर्व जन्म के पापों की वजह से है। अगर उन्हे हम मदद कर भी दें तो अगले जन्म में उन्हे और ज्यादा तकलीफों का सामना करना पडेगा इसलिये उन्हे इसी जन्म में अपने पिछले जन्म के पापों का फल भोग लेने दो।

**2**) डॉ. अम्बेडकर के मुताबिक हमारी चौथी समस्या भिख्खुओं से संबंधित है। भिख्खुओं का निर्माण करने में बुध्द का उद्देश्य क्या था ? क्या वे एक परिपूर्ण व्यक्ति का निर्माण करना चाहते थे ? या फिर उनका मकसद एक सामाजिक सेवक का निर्माण करना था जो मित्र, मार्गदर्शक तथा चिंतक बन कर समाज की सेवा में जुटा रहता है। यह सचमुच महत्वपूर्ण प्रश्न है। क्योंकि इस प्रश्न पर बौध्द धम्म का भविष्य निर्भर करता है। अगर भिख्खु सिर्फ एक परिपूर्ण इन्सान है तो बौध्द धम्म के प्रचार-प्रसार के लिये उसकी कोई उपयोगिता नही है क्योंकि भले ही वह एक परिपूर्ण व्यक्ति है लेकिन वह स्वार्थी है। अगर वह अपना जीवन सामाजिक सेवा में बिताता है तो वह बौध्द धम्म के लिये कुछ आशा बन सकता है। इस मसले को न सिर्फ बौध्द धम्म की शिक्षा की निरंतरता को कायम रखने के लिये बल्कि बौध्द धम्म के भविष्य के लिये भी इसे हल करना जरुरी है। ***The fourth problem relates to the Bhikkhu. What was the object of the Buddha in creating the Bhikkhu ? Was the object to create a perfect man ? Or was his object to create a social servant devoting his life to service of the people and being their friend, guide and philosopher? This is a very real question. On it depends the future of Buddhism. If the Bhikkhu is only a perfect man he is of no use to the propagation of Buddhism because though a perfect man he is a selfish man. If, on the other hand, he is a social servant he may prove to be the hope of Buddhism. This question must be decided not so much in the interest***

***of doctrinal consistency but in the interest of the future of Buddhism. (Vol. 11, Introduction)***

डॉ. अम्बेडकर के मुताबिक भिख्खु अगर लोगों के दुखों और शोषण के प्रति अलिप्त रहता है तो वह चाहे जितना परिपूर्ण और सुसंस्कृत क्यों ना हो वह भिख्खु नही है। वह चाहे कुछ भी हो सकता है लेकिन वह भिख्खु नही हो सकता। ***"A Bikkhu who is indifferent to the woes of mankind, however perfect in self-culture, is not at all a Bhikkhu. He may be something else but he is not a Bhikku. "(Vol. 11 P. 435)*** डॉ. अम्बेडकर ने कहा कि भिख्खु संघ को अपना नजरिया बदलना पडेगा और अलिप्तता की बजाय इसाई मिशनरियों की तरह उन्हे सामाजिक सेवक और प्रचारक बनना पडेगा। ***I am afraid the Sangh will have to modify its outlook and instead of becoming recluses they should become like the Christian missionaries the*** **social workers and social preachers.** ***(Vol. 17 Part One P. 446)*** भिख्खु संघ को बनाते वक्त बुध्द के दिमाग में और भी कुछ मकसद थे। उनमें से एक मकसद यह है कि वे समाज को सच्ची और निपक्ष सलाह और मार्गदर्शन दे सके। यही वजह थी कि उन्होने भिख्खुओं को संपत्ति इकट्ठा करने से प्रतिबंधित किया। .... बुध्द का दूसरा मकसद यह था कि भिख्खु संघ समाज की सेवा के लिये स्वतंत्र रहेगा। ***But there were other purposes which He had in mind when He thought of founding the Sangha. One such purpose was to create a body of intellectuals to give the laymen true and impatial guidance. That is the reason why He prohibited the Bhikkhus from owning property. ..... The other purpose of Buddha in founding the Bhikkhu Sangha was to create a society the members of which would be free to do*** **service to the people.** ***(Vol. 17 Part Two p. 106-07)***

नवयान बौध्द भिख्खुओं तथा डॉ. अम्बेडकर के अनुयायियों से यह उम्मीद की जाती है कि वे अपने बौध्द विहारों में :-

अ) कम खर्चे वाले सामुहिक विवाहों का आयोजन करें। ब) गरीब बच्चों को पढाई की किताबों तथा दिगर मदद मुहैया कराएं। क) बच्चों, महिलाओं, युवकों तथा वयस्कों के लिये कम अवधी के विभिन्न कौशल्य संपादन के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करें। ड) गरीब मरीजों को मुफ्त दवा इ. उपलब्ध करें। सामाजिक विचारों के डॉक्टरों को गरीब बस्तियों में सप्ताह में एक बार भेंट देने के लिये प्रेरित करना चाहिये। इ) युवकों ने विहार के प्रांगण में विभिन्न शारिरिक प्रशिक्षण के कार्यक्रम चलाने चाहिये, इन प्रशिक्षणों में भिख्खुओं ने भी शामिल होना चाहिये। फ) विहारों में एक मार्गदर्शन केन्द्र हो जहां रोजमर्रा के मामलों में जैसे कि विभिन्न सरकारी दफ्तरों में कामों की प्रक्रिया, स्कूलों कॉलेजों में प्रवेश इ. की अर्जीयों का स्वरुप, इ. जानकारी उपलब्ध की जाती है। इससे संबंधित आवश्यक पठन सामग्री विहारों में रखी जाये। ग) नवयान बौध्द धम्म का भिख्खु क्योंकि एक समाज सेवक भी है इसलिये उन्होने गरीब बेसहारा मरीजों की सेवा भी करनी चाहिये। बुध्द ने एक भीखारी जिसे कोई दुर्धर रोग था, उसके जख्मों से गंदी बदबू फैल रही थी को नहला धुला कर उसके शरीर को दवा इ. लगाई थी। भिख्खुओं ने ऐसा करने पर यह साबित हो जाएगा कि उनमें सचमुच करुणा का विकास हुआ है। बौध्द अनुयायियों ने ऐसे मामलों को बौध्द भिख्खुओं के ध्यान में लाने चाहिये

ताकि भिख्खुओं को मरीजों की सेवा कर करुणा का सुख हासिल होता रहेगा। ह) गायन, नृत्य, नाटक, कवि-स्पर्धा, चित्रकला स्पर्धा इ. का आयोजन किया जाना चाहिये ताकि लोगों को अपने व्यक्तित्व के विकास में मदद मिल सके।

**5**) बुध्द की सामाजिक-सांस्कृतिक शिक्षा !

जो ब्राह्मणवादी अंधविश्वासों तथा अज्ञान से मुक्त है बुध्द और डॉ. अम्बेडकर की सामाजिक-सांस्कृतिक क्रांति की अगुवाई करने योग्य है। इस क्रांति का मकसद लोगों को मानसिक तौर पर गुलाम बनाने वाले, सामाजिक तथा आर्थिक रुप से कमजोर करने वाले ब्राह्मणवादी अंधविश्वासों तथा आत्मघाति प्रथा-परंपराओं के खिलाफ संघर्ष छेड देना है। इसके लिये जरुरी है कि डॉ. अम्बेडकर के नवयान बौध्द धम्म का भिख्खु तथा डॉ. अम्बेडकर के अनुयायी ब्राह्मण-धर्म के सभी अंधविश्वासों से मुक्त हो और खुद में जरुरी हद तक जागरुकता को विकसित करें।

**1**) बुध्द ने कहा है कि ईश्वर पर आधारित धर्म कल्पना पर आधारित धर्म है। ऐसा धर्म सिर्फ अंधविश्वास ही पैदा करता है। ***The Buddha said that the religion based on God is based on speculation. It only ends in creating superstition. (Vol. 11 P. 251)*** बुध्द आम इन्सान थे ईश्वर नही थे। डॉ. अम्बेडकर इसे भली भाँती जानते समझते थे कि पाली ग्रंथों में भगवान शब्द का अर्थ अपनी तृष्णा पर नियंत्रण करने वाला होता है। इसके बावजूद डॉ. अम्बेडकर ने अपनी किताब '' द बुध्दा एन्ड हिज धम्मा'' में जानबुझकर 'भगवान' शब्द का इस्तेमाल नही किया क्योंकि वे अपने अनुयायियों को भगवान शब्द से जुडे आत्मा, पुर्नजन्म इ. ब्राह्मणवादी अंधविश्वासों से मुक्त रखना चाहते थे। बुध्द के लिये ''तथागत'' शब्द का इस्तेमाल करें। बुध्द के लिये भगवान शब्द जोडने का मतलब ब्राह्मणवादी अंधविश्वासों को प्रचारित प्रसारित करना है।

**2**) बुध्द के मुताबिक आत्मा में विश्वास करना ईश्वर में विश्वास करने से भी ज्यादा खतरनाक है। क्योंकि आत्मा में विश्वास करने से न सिर्फ पूजारी वर्ग की निर्मिती होती है, न सिर्फ वह सारे अंधविश्वासों की जड है बल्कि आत्मा में विश्वास लोगों को जन्म से मृत्यु तक पूजारियों के संपुर्ण नियंत्रण में कर देता है। ..... बुध्द ने महाली को स्पष्ट शब्दों में बताया कि आत्मा जैसी कोई चीज अस्तित्व में नही होती। यही वजह है कि बुध्द की शिक्षा को अनात्ता यानि आत्मारहित शिक्षा कहा गया है। ***Indeed in his opinion the belief in the existence of a soul is far more dangerous than the belief in God. For not only does it create a priesthood, not only it is the origin of all superstition but it gives the priesthood complete control over man from bith to death. .....to Mahali he did tell in most positive terms that there is no such thing as soul. That is why his theory of the soul is called Anatta, i.e. , non-soul. (Vol. 11 P. 261-262)*** मरने के बाद व्यक्ति के शरीर से आत्मा, चेतना या चुंबकीय क्षेत्र का निर्माण होना ब्राह्मणवादी अंधविश्वास के ही रुप है। ऐसा प्रचार करने वाले लोग अथवा भिख्खु ब्राह्मणवादी या उनके दलाल है। इन दलालों से उसी तरह का बर्ताव करें जैसा बर्ताव ब्राह्मणवादियों के दलाल से किया जाना चाहिये। डॉ. अम्बेडकर के अनुयायी सिर्फ अनुवांशिकता में भरोसा रखते है, आत्मा, चेतना या चुंबकीय क्षेत्र में नही।

**3**) डॉ. अम्बेडकर के अनुयायियों का विश्वास मरने के बाद के जीवन में नही है। बोधिसत्व मरने के बाद कई जन्म लेते है यह विश्वास ब्राह्मण-धर्म का विश्वास है

जिसे बुध्द की शिक्षा में जानबुझकर घुसाया गया है। इसलिये डॉ. अम्बेडकर के अनुयायी 'बोधिसत्व' शब्द का इस्तेमाल न करें। क्योंकि इसके इस्तेमाल से ब्राह्मण धर्म की सभी अंधविश्वासी संकल्पनाएं भी पीछे पीछे चली आती है। आत्मा का कोई अस्तित्व नही है इसलिये मरने के बाद जींदगी का या पाप-पुण्य या प्रवृत्तियों के रुप में हमारे कामों का अगले जन्मों में स्थानांतरण होने जैसी कल्पनाएं ब्राह्मण धर्म के अंधविश्वास मात्र है। जो भी व्यक्ति या भिख्खु इन बातों को प्रचारित प्रसारित करता है वह ब्राह्मणवादी या उनका दलाल है। ऐसे लोगों से उसी तरिके से व्यवहार करना चाहिये जो ब्राह्मण ावादियों के साथ या उनके दलालों के साथ किया जाता है।

डॉ. अम्बेडकर के मुताबिक बुध्द ने अलौकिक ताकतों को नकारने के पीछे तीन मकसद थे। पहला यह कि वे लोगों को तर्क के रास्ते पर लाना चाहते थे। उनका दूसरा मकसद वे लोगों को सच की खोज में स्वतंत्र रखना चाहते थे। उनका तीसरा मकसद वे अंधविश्वासों के उगमसथल को ही हटा देना चाहते थे जो लोगों की खोजी प्रवृत्ति की हत्या कर देता है। .... बुध्द का धम्म तर्कवाद को प्रचारित करता है, अगर तर्कवाद को हटा दिया जाता है तो बौध्द धम्म में कुछ नही बचेगा। ***In repudiating supernaturalism the Buddha had three objects. His first object was to lead man to the path of rationalism. His second object was to free man to go in search of truth. His third object was to remove the most potent source of superstition, the result of which is to kill the spirit of inquiry. ..... It preaches rationalism and Buddhism is nothing if not rationalism. (Vol. 11 P. 250)***

**4**) डॉ. अम्बेडकर के नवयान बौध्द धम्म के भिख्खु या अनुयायी ईश्वर, आत्मा, पाप-पुण्य इ. में विश्वास नही करते इसलिये उन्हे किसी भी प्रकार के कोई कर्मकांड नही करने होते। डॉ. अम्बेडकर के मुताबिक भिख्खु पाप में, ईश्वर तथा आत्मा में विश्वास नही करता इसलिये उसे कोई कर्मकांड अंजाम देने नही होते। इसलिये वह पूजारी नही है। ***A Bhikkhu does not believe in original sin, in God and Soul. There are, therefore, no ceremonies to be performed. He is, therefore, not a priest. ( Vol 11, P. 432)*** डॉ. अम्बेडकर के अनुयायी उपासक नही है क्योंकि वे किसी की भी उपासना यानि पूजा नही करते। इसलिये हमने 'उपासक' शब्द की बजाय अनुयायी इस शब्द का इस्तेमाल करना चाहिये। उपासक, श्रध्दा इ. शब्दों के इस्तेमाल से पूजारीवर्ग और ब्राह्मणवाद मजबूत होता है। उपासकों या पूजा करने वालों का बुध्द या डॉ. अम्बेडकर की विचारधारा से कोई संबंध नही होता। वे सिर्फ **14** अप्रैल और बुध्द पुर्णीमा को चंद प्रथा परंपराओं को अंजाम देने के सिवा कुछ नही करते। वे वंदना त्रिशरण पंचशील इ. रटने का काम मात्र करते है। जबकि अनुयायी उस जीवन मिशन के लिये समर्पित होते है जिस के लिये बुध्द तथा डॉ. अम्बेडकर ने अपना जीवन समर्पित कर दिया था।

हम उपासक नही है इसलिये हमें भिख्खु इ. के प्रति श्रध्दा नही रखनी है क्योंकि श्रध्दा ही अंधश्रध्दा होती है। हमें डॉ. अम्बेडकर और बुध्द के प्रति उनकी शिक्षा और त्याग की वजह से असीम आदर है।

अ) अगर कोई भिख्खु परित्राण पाठ, गृहशांति इ. कर्मकांडों को करता है तो वह भिख्खु नही बल्कि ब्राह्मण पंडा है।

ब) जो गृहस्थ परित्राण पाठ, गृहशांति इ. कर्मकांडों का आयोजन करता है वह ब्राह्मण-धर्म के अंधविश्वासों से ग्रस्त है तथा ब्राह्मणवादी अंधविश्वासों को बढा रहा है।

क) ब्राह्मणवादी भिख्खु को किसी भी किस्म का दान नही देना चाहिये और न ही उनसे कोई संबंध रखना चाहिये।

**5**) बुध्द की सांस्कृतिक क्रांति को अंजाम देने के लिये :-

**1**) बौध्द विहारों में लोगों के लिये डॉ. अम्बेडकर, फुले इ. समाज क्रांतिकारियों का आवश्यक साहित्य उपलब्ध होना चाहिये।

**2**) बौध्द विहार के भीतर एक भाग पढाई के लिये सुरखित रहना चाहिये।

**3**) विहारों में निश्चित समय पर चर्चा करने, जागरुकता वीडिओ दिखाने, इ. के लिये समय निश्चित होना चाहिये।

**4**) विहारों में धम्म के विभिन्न विषयों पर बोलने का काम सर्वसामान्य गृहस्थों ने करना चाहिये जिसके बाद उसपर खुली चर्चा होनी चाहिये। भिख्खुओं के गलत मतों की आलोचना करनी चाहिये। भिख्खुओं की आलोचना होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि वे कितने विनयशील बन पाये है। डॉ. अम्बेडकर ने ''बुध्द और उनका धम्म'' किताब में गृहणी विदेशिका और उसकी नौकरानी डार्की की कहानी बताई है :- विदेशिका की ख्याती थी कि वह अत्यंत नम्र स्वभाव की है। डार्की उसकी परीक्षा लेने जानबुझकर एक घंटा देर से सोकर उठी। विदेशिका ने गुस्से से पूछा कि वह देर से क्यों उठी है। दूसरे दिन वह दो घंटे देर से उठी इसपर विदेशिका ने बहुत ज्यादा गुसा जताया। तीसरे दिन डार्कि और देर से उठी तो विदेशिका अपने गुस्से पर काबू नही कर सकी और उसने बैलगाडी के चक्के को बाहर निकलने से रोकने वाली लोहे की पीन उसके सीर पर दे मारी जिससे उसके सिर से खून बहने लगा। डार्कि चिल्लाते हुए लोगों को बताने लगी कि जिसे आप विनम्र कहते है उसने उसके साथ कैसा बर्ताव किया है। तब से लोगों ने उसे विनम्र समझना छोड दिया। डॉ. अम्बेडकर के मुताबिक लोग तबतक ही विनम्र नजर आते है जबतक उनके मन के खिलाफ कोई बात नही होती। जैसे ही उनके मन के खिलाफ कोई बात होती है तो उनके स्वभाव की परीक्षा हो जाती है। बौध्द भिख्खुओं ने अपनी भावनाओं पर नियंत्रण करना कितना सीखा है इसे जांचने का मौका तभी मिलेगा जब उनकी गलत बात की हम स्पष्ट रुप से आलोचना करेंगे।

**5**) विहार में बुध्द वंदना इ. को भिख्खु ने नही बल्कि सामान्य गृहस्थ ने अंजाम देना चाहिये। वंदना के वक्त लाउड-स्पीकर का इस्तेमाल नही करना चाहिये क्योंकि इससे पढाई करने वाले बच्चों की पढाई में व्यवधान पैदा होता है।

**6**) सभी सामाजिक समारोह जैसे शादी, नामकरण संस्कार, मृत्यु इ. को अंजाम देने का काम भिख्खुओं ने नही बल्कि गृहस्थ ने करना चाहिये।

**7**) भिख्खुओं का काम गैरबौध्दों को बौध्द धम्म समझाकर उन्हे बौध्द बनाना है। उनका काम ब्राह्मणवादी परित्राण पाठ, तीसरा दिन. इ. ब्राह्मणवादी कर्मकांडों के खिलाफ लोगों को जागरुक करने का है। इन कामों को वे डॉ. अम्बेडकर के अनुयायियों की मदद से पूरा कर सकते है।

**8**) भिख्खुओं को डॉ. अम्बेडकर के अनुयायियों की मदद से ब्राह्मण-धर्म के होली, दिवाली इ. त्योहार दलितों व्दारा मनाये जाने के मद्देनजर उन्हे ऐसा न करने का तथा अन्य सामाजिक कुप्रथाओं को छोड देने के लिये जागरुकता मुहिम तथा सामुहिक संकल्प दिलाने की मुहिम चलानी चाहिये।

**9**) भिख्खु तथा जागरुक अनुयायियों ने इस बात का निरिक्षण करना चाहिये कि इन त्योहारों तथा कुप्रथाओं को कौन दलित मना रहे है। उन्हे इन कुप्रथाओं को त्याग देने के लिये जागरुक करना चाहिये।

**10**) भिख्खुओं ने सामाजिक जागरुकता साहित्य की लोगों के बीच बिक्री कर लोगों को जागरुक करना चाहिये।

**11**) नवयान बौध्द धम्म के सभी भिख्खुओं ने डॉ. अम्बेडकर की लिखी किताब अ) प्राचीन भारत में क्रांति तथा प्रतिक्रांति, ब) बुध्द और कार्ल मार्क्स, तथा क) बुध्द और उनका धम्म इन किताबों को अच्छी तरह से आत्मसात कर लेना चाहिये। इन ग्रंथों पर विहार में लोगों के बीच मुक्त रुप से चर्चाएं होनी चाहिये।

**12**) बौध्द विहार बस्ती के सभी सामाजिक मसलों पर विचार विमर्श के स्थल भी होने चाहिये।

## 6) बुध्द का राजनीतिक क्रांति का संदेश !

**1**) बुध्द की शिक्षा के तीन महत्वपूर्ण अंग है :- **1**) अष्ठांग मार्ग पर चलने के लिये खुद को प्रशिक्षित करना **2**) समाज-उपयोगी कामों को अंजाम देना **3**) बुध्द की सामाजिक-सांस्कृतिक और राजनीतिक इनकेलाब को आज के युग की जरुरतों के मुताबिक अंजाम देना।

**2**) डॉ. अम्बेडकर के मुताबिक कार्ल मार्क्स के निम्नलिखित चार सिधान्त आज भी अत्यंत महत्वपूर्ण है जिन्हे बौध्द धम्म अपनी मान्यता प्रदान करता है :- **i**) दर्शन का कार्य दुनियां का पूर्ननिर्माण होना चाहिये न कि दुनियां की उत्पत्ति की खोज में अपना समय व्यर्थ गंवाना। इस मुद्दे पर बुध्द और मार्क्स के बीच पूरी सहमति है। **ii**) वर्गो के बीच अपने हितसंबंधों को लेकर संघर्ष विद्यमान है। इस मुद्दे के समर्थन में कोसल के राजा और बुध्द के बीच हुआ संवाद है। अष्ठांग मार्ग का सिधान्त वर्ग संघर्ष के अस्तित्व को मान्य करता है और उसे दुखों का कारण भी मानता है। **iii**) निजी संपत्ति एक वर्ग को ताकतवर बनाती है जबकि दूसरे वर्ग को शोषण के जरिये दुखी बनाती है। बुध्द और पोटथापद (**Potthapada**) के बीच हुए संवाद की भले ही भाषा अलग हो लेकिन उसका अर्थ यही है। अगर हम दुखों को शोषण पढे तो बुध्द और मार्क्स के बीच की दूरी बहुत कम हो जाती है। **iv**) समाज की भलाई के लिये जरुरी है कि संपत्ति की निजी मिल्कियत को खत्म कर समाज के दुखों को दूर किया जाये। निजी संपत्ति को लेकर बुध्द और आनंद के बीच का संवाद महत्वपूर्ण है। भिख्खु संघ की सामुहिक संपत्ति इसका जीता जागता उदाहरण है। नियमों के मुताबिक भिख्खु सिर्फ आठ वस्तुओं को अपनी मिल्कियत बना सकता है। संपत्ति को लेकर भिख्खु संघ

के नियम कम्युनिस्ट रशिया के नियमों से ज्यादा कठोर है। (**Buddha or Karl Marx**)

**3**) डॉ. अम्बेडकर के मुताबिक बुध्द और मार्क्स के उपरोक्त सिधान्तों पर एकमत है। लेकिन इन उद्देश्यों को हासिल करने के साधनों को लेकर उनके बीच समानताएं और भेद नीचे दिये मुताबिक है। बुध्द के मुताबिक दुख के कारणों को दो भागों में रखा जा सकता है। पहले प्रकार के दुख व्यक्ति के त्रृटीपूर्ण बर्ताव की वजह से होते है। इन दुखों को दूर करने का उपाय पंचशील के सिधान्तों पर चलना है। दूसरे प्रकार के दुखों में उन दुखों का समावेश होता है जो इन्सानों के बीच कायम की गई असमानता की वजह से होते है। इस असमानता को दूर करने का मार्ग अष्ठांग मार्ग है। बुध्द चाहते थे कि लोग अपनी आसक्तियों, अज्ञान इ. को दूर कर अष्ठांग मार्ग पर चलकर जीवन में सच्ची खुशी हासिल करें। (**Buddha or Karl Marx**)

बुध्द और मार्क्स के उद्देश्य समान है लेकिन तरिकों में फर्क है। आगे चलकर कौनसे तरिके सही साबित होंगे इसे समझने के लिये दोनों पक्षों के बीच पाई जाने वाली गलतफहमियों को समझना चाहिये। कम्युनिस्टों व्दारा अमल में लाये जाने वाले तरिकें स्पष्ट और फौरी है। ये तरिकें है - **1**) सशस्त्र हिंसा तथा **2**) सर्वहारा वर्ग की तानाशाही। डॉ. अम्बेडकर के मुताबिक कुछ लोग हिंसा के विचार से ही कंपकपाने लगते है। यह उनकी भावना मात्र है। हिंसा को पूरी तरह से त्यागा नही जा सकता। गैर कम्युनिस्ट देशों में भी हिंसा का उपयोग किया जाता है। गैर कम्युनिस्ट देशों में हत्यारे को फांसी दी जाती है। फांसी पर चढाना क्या हिंसा नही है ? गैर कम्युनिस्ट देश एक दूसरे से युध्द करते है। इसमें लाखों लोगों की मौत होती है। क्या यह हिंसा नही है ? अगर किसी हत्यारे को फांसी दी जा सकती है क्योंकि उसने किसी नागरिक की हत्या की है, अगर किसी सैनिक की युध्द में हत्या की जा सकती है क्योंकि वह दुश्मन देश का सैनिक है तब निजी संपत्ति धारक की हत्या क्यों नही की जा सकती है अगर उसकी निजी संपत्ति की वजह से बाकी की मानवता को दुखों का सामना करना पडता है ? इस नियम का अपवाद निजी संपत्ति धारक को बनाने का कोई कारण नही है। निजी संपत्ति को इतना पवित्र क्यों समझना चाहिये। बुध्द हिंसा के विरोधी थे। लेकिन वे न्याय के समर्थक भी थे। जब भी न्याय के लिये ताकत का इस्तेमाल जरुरी हो तो उन्होने इसकी इजाजत दी है। यह बात बुध्द और वैशाली के सिंह सेनापति के बीच हुए वार्तालाप से स्पष्ट है। बुध्द ने कहा कि उसने बुध्द की शिक्षा को गलत रुप से धारण किया है। दोषी व्यक्ति को सजा देनी और निर्दोष को मुक्त करना जरुरी है। यह न्यायाधीश का दोष नही है अगर वह दोषी को सजा सुनाता है। दोषी को सजा सुनाने का कारण उसका दोषी होना है। सजा सुनाने वाला न्यायाधीश सिर्फ न्याय देने के कर्तव्य को पूरा कर रहा है। इसलिये अहिंसा भंग करने का वह दोषी नही है। जो न्याय और सुरक्षा के लिये लड रहा है उसे अहिंसा भंग करने का दोषी करार नही दिया जा सकता। शांति कायम करने के सभी रास्ते नाकाम हो जाते है तब हिंसा की जिम्मेदारी उस पर आयद होती है जो युध्द शुरु करता है। हमने दुष्ट ताकतों के आगे कभी आत्मसमर्पण नही करना चाहिये चाहे फिर हमें युध्द ही क्यों ना करना पडे। लेकिन युध्द निजी स्वार्थो के लिये नही होना चाहिये। बुध्द ने शायद इस बात को माना होता कि अंतिम परिणाम ही हमारे साधनों के औचित्य को साबित करते है। इसके अलावा और क्या

हो सकता है ? बुध्द ने जरुर ही निजी संपत्ति धारक को हिंसा से मुक्त नही किया होता अगर उसके खिलाफ हिंसा करना ही इकलौता रास्ता बचा हो। (**Buddha or Karl Marx**)

डॉ. अम्बेडकर के मुताबिक बुध्द की अहिंसा जैन धर्म के महावीर की पूर्ण अहिंसा नही है। कम्युनिस्ट हिंसा को पूर्ण सिधान्त मानते है जिसका बुध्द विरोध करते है। जैन ध र्म की अहिंसा और मार्क्स की हिंसा दो अतिरेक है। बुध्द ने हिंसा को एक ताकत के तौर पर अपनाने की इजाजत दी होती। बुध्द शोषितों को सबसे पहले अहिंसात्मक मार्गो को अपनाने की शिक्षा देते है। इसका मतलब यह कतई नही है कि बुध्द इन्ही अहिंसात्मक उपायों पर निर्भर रहने की शोषितों को शिक्षा देते है। बल्कि सशस्त्र संघर्ष में सक्षम बनने की तथा सभी अहिंसक रास्तों के नाकाम हो जाने पर समाज के दुखों को दूर करने के लिये जवाब में हिंसा या सशस्त्र इन्केलाब करने की बुध्द इजाजत देते है। हिंसा से अच्छा उद्देश्य हासिल करते वक्त कई अच्छे उद्देश्यों के ध्वस्त होने की संभावना होती है। इसलिये हिंसा का इस्तेमाल करते वक्त सावधानी बरतनी चाहिये कि दुष्ट ताकतों को नष्ट करते वक्त सही उद्देश्यों को कम से कम ध्वस्त किया जाये। (**Buddha or Karl Marx**)

